
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

21 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

लोगों को अपने सपने मत बताओ बस उन्हें पूरा करके दिखाओ

क्योंकि लोग सुनना कम देखना ज्यादा पसंद करते हैं।

**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# विश्व शांति दिवस 21 सितंबर




"विश्व शांति" का अर्थ केवल हिंसा न होना नहीं है, बल्कि ऐसे समाजों का निर्माण है,जहां सभी को यह अहसास हो कि वे आगे बढ़ सकते हैं और फल-फूल सकते हैं। हमें एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना है, जहां सभी के साथ उनकी जाति, नस्ल, धर्म की परवाह किए बिना समान व्यवहार किया जाए। प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को दुनिया भर के सभी देशों और उनके नागरिकों के बीच में शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से "विश्व शांति दिवस" मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 1982 से में हुई थी जिसकी थीम "राइट टू पीस ऑफ पीपल" रखी गई थी। साल 1982 से लेकर 2001 तक सितंबर महीने के तीसरे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता था। लेकिन साल 2002 से इसके लिए 21 सितंबर की तारीख तय की गई थी। तब से लेकर आज तक हर साल 21 सितंबर को ही विश्व शांति दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि दुनिया भर में शांति कायम रहे और किसी के बीच में झगड़ा लड़ाई ना हो। इस साल इस दिवस को मनाए जाने की थीम है "शांति के लिए कार्य #वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा"। ये शांति के एक महान विषयों को प्रसारित करता है।

# जयंती विशेष 21 सितंबर




**स्वामी अग्निवेश** *Swami Agnivesh*, जन्म- 21 सितंबर, 1939, मद्रास; मृत्यु- 11 सितंबर, 2020, नई दिल्ली) भारत के सामाजिक कार्यकर्ता, सुधारक, राजनेता व आर्य समाजी थे। आर्य समाज का काम करते-करते 1968 में उन्होंने 'आर्य सभा' नाम से एक राजनीतिक दल बनाया। बाद में 1981 में 'बंधुआ मुक्ति मोर्चा' की स्थापना उन्होंने दिल्ली में की।

# MATH TLM

35 Class-6to8

## महत्वपूर्ण सूत्र (औसत)

◆ लगातार n विषम संख्याओं का औसत =n

जैसे - लगातार 23 विषम संख्याओं का औसत

हल: औसत - 23

◆ लगातार n तक की विषम संख्याओं का औसत $= \frac{n+1}{2}$

जैसे -लगातार 23 तक की विषम संख्याओं का औसत

हल: औसत - $\frac{23+1}{2} = 12$

Anu Priya, Science Teacher







# टी-20 बॉलर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | वरुण चक्रवर्ती | भारत | 733 |
| 2 | जैकब डफी | न्यूजीलैंड | 717 |
| 3 | अकील हुसैन | वेस्टइंडीज | 707 |
| 4 | एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 700 |
| 5 | आदिल रशीद | इंग्लैंड | 696 |
| 6 | नुवान तुषारा | श्रीलंका | 677 |
| 7 | वनिंदु हसरंगा | श्रीलंका | 664 |
| 8 | रवि बिश्नोई | भारत | 661 |
| 9 | नाथन एलिस | ऑस्ट्रेलिया | 653 |
| 10 | राशिद खान | अफगानिस्तान | 657 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.09.2025

## अभिव्यक्ति कौशल

अभिव्यक्ति कौशल उन कौशलों को कहते हैं जिनका प्रयोग विचारों, भावों, और सूचनाओं को दूसरों तक पहुँचाने के लिए किया जाता है, जिसमें बोलना और लिखना मुख्य हैं. प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए विचारों को स्पष्टता से प्रस्तुत करने, भावनाओं को व्यक्त करने और भाषा में निपुणता हासिल करने की आवश्यकता होती है.

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



तुर्कमेनिस्तान में "Door to Hell" नाम का गैस क्रेटर है, जो लगातार 50 सालों से जल रहा है। रात में यह क्रेटर आग के विशाल गड्ढे जैसा दिखता है और टूरिस्टों के लिए बेहद आकर्षक है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल


### शरीफा



मुझमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन,डायटरी फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, फास्फोरस , मैग्नीशियम,vit.A, B-6,C, नियासिन आदि पाया जाता है।

Anu priya

# पद्य पंकज


कर्णधार तू बना तो हाथ में लगाम ले।
क्राति को सफल बना नसीब का न नाम ले।
भेद सर उठा रहा, मनुष्य को मिटा रहा
गिर रहा समाज, आज बाजुओं में थाम ले।
त्याग का न दाम ले,
दे बदल नसीब तो गरीब का सलाम ले।
गोपाल सिंह नेपाली
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 सितंबर
अंतर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya